डी. एल. डी. ए. वी. मॉडल स्कूल

कक्षा - तीसरी, विषय – हिन्दी

प्रश्न 1 - गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए-

हमारे देश का नाम भारत है। इसकी संस्कृति बहुत पुरानी है। प्राचीन काल में इसे सोने की चिड़िया कहा जाता था। दूर-दूर के देशों से लोग यहाँ व्यापार करने आते थे। इसके उत्तर में हिमालय है, जो दुनिया का सबसे ऊँचा पर्वत है। इसके दक्षिण में विशाल हिंद महासागर है। हिमालय से अनेक पवित्र नदियाँ निकलती हैं। ये नदियाँ देश को हरा-भरा रखती हैं।हमारे देश में राम-कृष्ण जैसे बुद्ध, विवेकानंद और गाँधी जी जैसे महान पुरुषों ने जन्म लिया।भारत में अनेक धर्म और जातियों के लोग रहते हैं। भारत में सारे त्योहार खुशियों के साथ मिल कर मनाए जाते हैं। भारत दुनिया में अपनी एकता के लिए बहुत प्रसिद्ध है।

1- दूर-दूर के देशों से लोग भारत क्यों आते थे?

A) पढ़ाई करने

B) मनोरंजन करने

C) रिश्तेदारों से मिलने

D) व्यापार करने

LIVEWORKSHEETS

2- दुनिया का सबसे ऊँचा पर्वत भारत की कौनसी दिशा में है?

A) दक्षिण

B)पूरब

C)उत्तर

D) पशिम

3- देश को हरा-भरा कौन रखता है?

A) किसान

B) वर्षा

C) नदियाँ

D) हवा

4- भारत दुनिया में किस विशेषता के लिए प्रसिद्ध है?

A) एकता

B) हरियाली

C) हिमालय पर्वत

D) वर्षा

5- नीचे दिए गए शब्दों में से संज्ञा शब्द चुनिए

A) दूर-दूर

B) महान

C) महासागर

D) प्राचीन

LIVEWORKSHEETS

प्रश्न 2- पाठ के आधार पर नीचे दिए गए चित्र को उनकी सही पंक्ति से मिलाइए

1-देखे टगर- मगर

1

2- सरके सर्र-सर्र

2

3- कूदे अलंग- फलंग

3

4- खोदे खर्र- खर्र

4

LIVEWORKSHEETS

प्रश्न 3- नीचे दिए क्रिया शब्दों पर ✔ लगाइए

1- गिरना	खेल	बल्ला
2- बादल	बरसना	आकाश
3-लड़की	मिलना	कुर्सी
4-हिरन	चलना	टेबल
5- लिखना	बच्चा	किताब

प्रश्न 4- नीचे दिए शब्दों को उनके विपरीत शब्द से मिलाइए-

1- खुश	रंक
2- बढ़िया	दिन
3- मित्र	पूरी
4- राजा	घटिया
5- रात	शत्रु
6- आधी	उदास

LIVEWORKSHEETS

प्रश्न 5- नीचे दिए हुए शब्दों का प्रयोग करके पंक्तियाँ पूरी कीजिए-

प्रभावित, सेंध, आश्चर्यचकित,

सवेरे, गरज़, छाती फुलाकर,

संयोग, प्रसन्न

1) आधी रात को वह जागा और पड़ोसियों को _____करने की_____से वही गीत गाने लगा। _____की बात है कि उसी समय चोरों ने उनके घर में चोरी करने के लिए _____लगाई थी।

2) _____ जब पिताजी ने दरवाज़े के पास सेंध देखी तो _____ हो गए। जब उन्हें मालूम हुआ कि इस गीत को सुनने से चोर भागे हैं तो पिताजी ने _____कहा-"देखा, कितना बढ़िया गीत खरीदकर लाया हूँ।" रोहित जीवन में पहली बार _____ हुआ।

LIVEWORKSHEETS